किस्म की खेती कितनी भूमि में की जायेगी ; और

(घ) सघन कृषि के लिये कौन से क्षेत्र चुने गये हैं ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे)** : (क) से (घ). राज्य सरकार से अपेक्षित जानकारी एकत्रित की जा रही है और यथाशीघ्र सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

### मध्य प्रदेश में डाक-तार विभाग के कर्मचारी और उनके आवास की व्यवस्था

7320. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कुल कितने डाक कर्मचारी हैं ;

(ख) उनमें से कितने कर्मचारियों को क्वार्टर मिले हुए हैं ;

(ग) क्या सरकार उन कर्मचारियों को भत्ता देती है जिनको मकान नहीं मिले हुए हैं और यदि हां, तो वे किस तरह का है तथा कितनी धनराशि दी जाती है ; और

(घ) सरकार शेष कर्मचारियों को मकान देने के लिये क्या कार्यवाही कर रही है ?

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) 15032 (पंद्रह हजार बत्तीस) ।

(ख) 1530 (एक हजार पांच सौ तीस) ।

(ग) जी हां, कुछ विशेष श्रेणियों के स्टेशनों पर। सी श्रेणी के स्टेशनों पर मकान किराया भत्ता का $7\frac{1}{2}$ प्रतिशत दिया जाता है। (मध्य प्रदेश सर्कल में कोई भी नगर 'बी' श्रेणी का नहीं है) ।

(घ) (i) 192 डाक-तार क्वार्टरों का निर्माण हो रहा है ।

(ii) डाक-तार कर्मचारियों के लिये भिलाई स्टील प्लांट द्वारा 96 क्वार्टरों का निर्माण किया जा रहा है ।

(iii) दूसरी जगहों पर क्वार्टरों के लिए प्रस्ताव उपलब्ध साधनों और निधि के आधार पर तैयार किये जा रहे हैं ।

### 1968-69 और 1969-70 में मध्य प्रदेश में सुधरे किस्म की वाणिज्यिक ज्वार की कृषि वाला क्षेत्र

7321. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968-69 और 1969-70 में मध्य प्रदेश में सुधरे किस्म की वाणिज्यिक ज्वार की कृषि वस्तुतः कितने क्षेत्र में की गई;

(ख) उन वर्षों में उत्पादन लक्ष्य कितना-कितना निर्धारित किया गया ; और

(ग) ज्वार की उस किस्म की 1969-70 में कम क्षेत्र में खेती करने के क्या कारण हैं ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्ना-साहिब शिन्दे)** : (क) और (ख). 1968-69 के दौरान 1.3 लाख एकड़ के लक्ष्य की तुलना में मध्य प्रदेश में संकर ज्वार के अन्तर्गत आवृत्त क्षेत्र 0.52 लाख एकड़ था । 1969-70

के दौरान इस फसल के अन्तर्गत आवृत्त क्षेत्र 0.83 लाख एकड़ था, जबकि लक्ष्य 1.72 लाख एकड़ का रखा गया था।

(ग) प्रश्न नहीं होता। 1968-69 की तुलना में 1969-70 की औसत अधिक थी।

**मध्य प्रदेश में ट्रैक्टर और उर्वरक में निर्माण में प्रगति**

7322. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कृषि उद्योग निगमों द्वारा अब तक कितनी प्रगति की गई है ; और

(ख) उन निगमों के क्या नाम हैं जिन्होंने ट्रैक्टरों तथा उर्वरकों के तैयार करने में प्रशंसनीय प्रगति की है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : (क) मध्य प्रदेश राजकीय कृषि-उद्योग विकास निगम 21-3-1969 को स्थापित किया गया था, इस निगम की स्थापना हुये अभी लगभग एक ही वर्ष हुआ है; अतः अभी तक इसने कोई बड़ा कार्य प्रारम्भ नहीं किया है। फिर भी निगम ने प्रारम्भिक रूप से कृषकों में आयातित ट्रैक्टरों के वितरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। निगम ने भोपाल और इन्दौर में कुओं को पुनः ठीक करने के लिये दो केन्द्र भी प्रारम्भ किये हैं। आयातित ट्रैक्टरों के रख रखाव और मरम्मत तथा उन के अतिरिक्त कलपुर्जों की आपूर्ति के लिये भी एक कर्मशाला स्थापित करने का निश्चय किया गया है। निगम आयातित ट्रैक्टरों के लिये टायर और ट्यूबों के आयात तथा कृषि कार्यों के लिये लोहे और इस्पात की अधिप्राप्ति और वितरण सम्बन्धी कार्य को भी अपने हाथ में लेने के बारे में विचार कर रहा है।

(ख) अभी तक किसी भी कृषि उद्योग निगम ने ट्रैक्टरों का निर्माण अथवा उर्वरकों का उत्पादन प्रारम्भ नहीं किया है। फिर भी उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा कृषि उद्योग निगम ने आयातित एस के जी पैकों से जेटर 2011 ट्रैक्टरों को जोड़ने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। जहां तक उर्वरकों के उत्पादन का प्रश्न है, महाराष्ट्र राजकीय कृषि उद्योग विकास निगम की सुपरफास्फेट और एन पी के उर्वरक ग्रेनलेशन संयंत्रों की स्थापना की एक परियोजना है। आशा है कि संयंत्र जून, 1970 से उत्पादन प्रारम्भ कर देंगे।

**F.A.O. Survey on Farm Information Units of A. I. R.**

7323. SHRI R. BARUA : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the F. A. O. has recently conducted a survey regarding the performance of the farm information units of the All India Radio ;

(b) if so, their assessment about the working and utility of these units and whether the F. A. O. has also made any recommendations to augment the work of installation of more such units by the A. I. R. in the country ; and

(c) if so, the details of their recommendations and the reaction of Government thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.